Assistance to West Bengal for Hooghly Bridge

1258. SHRI CHITTA BASU: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether the package of assis. tance given to West Bengal as announced by the Prime Minister in September, 1986, includes the financial assistance to West Bengal Government for the completion of the second Hooghly Bridge; and

(b) if so, what are the details cf the proposal and the steps taken ia that direction?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) Yes, Sir.

(b) Government of India will give Rs. 80.00 crores, in addition to Rs. 150.00 crores already committed for the Second Hooghly Bridge, if the State Government i_s willing to provide Rs. 20.00 crores, completion is ensured within approved time schedule and joint monitoring is done by • Group $_s$et up by the Government of India and the State Government. The State Government have recently •greed t_0 provide Rs. 20.00 crores.

गोल मार्किट से दक्षिण दिल्ली के लिये दिल्ली परिवहन निगम की बसें

1259. **श्री मादंवी प्रसाद यादव :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गोल मार्किट से दक्षिण दिल्ली के लिये दिल्ली परिवहन निगम की सीधी बस सेवाओं का अभाव है; और

(ख) सरकार द्वारा इस क्षेत्र को (बिरला मन्दिर क्षेत्र सहित) दक्षिण दिल्ली से जोड़ने के लिए कब तक सीधी बस सेवा उपलब्ध कराये जाने की संभावना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) और (ख) जी, नहीं । गोल मार्केट से दक्षिण दिल्ली क्षेत्र के लिए पर्याप्त सीधी बस सेवाएं उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त सभी गन्तव्यों पर पहुंचने के लिए यात्री बस बदलने की सविधाओं का उपयोग कर सकते हैं ।

Digital Electronic Telephone Exchanges in Madhya Pradesh

1260. SHRI AJIT P. K. JOGl: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what are the names of places of Madhya Pradesh where digital electronic telephone exchanges have been set up or are likely to be set up in the near future-

(b) whether it i_s a fact that in view of its vast area and population, the number of such exchanges is much less than other States; and

(c) if so, whether Government propose to take steps to increase the number of exchanges to remove the imbalance in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): (a) Names of places where Digital Electronic Telephone Exchanges are planned t_0 be set up in Madhya Pradesh are: Bhopal, Jabalpur, Indore, Raipur, Betul, Datia, Dhar, Khargone, Mandla, Shajapur, Tikamgarh, Ambikapur, Balaghat, Bhind, Guna, Shivpuri, Jhabua, Rewa, Sidhi, Pethampur (Dhar), Chindwara, Jagdalpur.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise in view of (b) above.

इलाहाबाद से हुगली के बीच जल परिवहन सेवाएं

1261. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद से हुगली तक जल परिवहन की नियमित सेवा कब चालू हुई थी ;

(ख) क्या इसके संतोषजनक रूप से कार्य किया है ; यदि हां, तो किस हद तक ;

(ग) उस मार्ग में कितने ऐसे स्टेशन बने हैं जहां से माल के ढुलाई की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं; और

(घ) क्या यात्रियों को भी इस मार्ग पर कुछ स्टेशनों तक सफर करने की अनुमति दी जाएगी ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) और (ख) सी० आई० डब्ल्यू० टी० सी० द्वारा 1983-84 से हल्दिया और फरक्का के बीच नियमित जल परिवहन सेवाएं शुरू की गई थीं । तथापि कलकत्ता और पटना के बीच प्रायोगिक आधार पर फरक्का नेवीगेशन लाक के रास्ते वाणिज्यिक सेवाएं जनवरी, 1987 में शुरू की गई थीं । चूंकि फरक्का लॉक अभी चालू नहीं हुआ है । इसलिए फरक्का की ऊपरी धारा में नियमित वाणिज्यिक सेवाएं चालू कर पाना अभी संभव नहीं हो पाया है । प्रायोगिक सेवा संतोषजनक ढंग से प्रचलित की गई । कलकत्ता से मिर्जापुर और इलाहाबाद तक ओवर-डाइमेंशड कार्गो भेजे गए ।

(ग) सी० आई० डब्ल्यू० टी० सी० जहाजों द्वारा पटना, कहलगांव, कलकत्ता और हल्दिया में कार्गो बुकिंग की सुविधायें उपलब्ध हैं ।

(घ) यात्री सेवाओं के प्रचालन पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है ।

वाराणसी में गंगा पर रामनगर पुल

1262. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वाराणसी में गंगा पर रामनगर पुल का शिलान्यास भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा किया गया था ;

(ख) अब तक इस संबंध में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि इस परियोजना पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है, ; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) इस परियोजना पर कितनी धन राशि खर्च किए जाने की संभावना है और इस पुल का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) यह परियोजना 28.22 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से स्वीकृत की गई है । टेंडर भी प्राप्त हो गए हैं । ठेका दिए जाने के बाद निर्माण शुरू होगा । इस पुल के 1991 तक बनकर तैयार हो जाने की संभावना है ।

एशियाई राजमार्ग

1263. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एशियाई राजमार्ग (तेहरान से सिंगापुर) का कितना किलोमीटर भारतीय भू-भाग में पड़ता है ;

(ख) उनमें कितने-कितने किलोमीटर का निर्माण मानकों के अनुसार किया गया है ; और

(ग) क्या उक्त राजमार्ग पर सभी पुलों के निर्माण से संबंधित निर्माण कार्य पूरा हो चुका है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) भारतीय क्षेत्र से गुजरने वाले एशियाई राजमार्ग (तेहरान से सिंगापुर) के भाग की लम्बाई 2079 कि० मी० है ।